## हापुड़ में घर के भीतर चल रही नकली क्रीम फैक्ट्री का पर्दाफाश, 955 किलो मिलावटी क्रीम नष्ट



घर बाहर से एक सामान्य मकान जैसा दिख रहा था, लेकिन अंदर बड़े पैमाने पर मिलावटी क्रीम तैयार की जा रही थी। हापुड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई ने ऐसे ही एक कथित मिलावटखोरी के ठिकाने का खुलासा किया है। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर चौपला इलाके में टीम ने छापेमारी कर करीब 955 किलोग्राम मिलावटी क्रीम बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। बताया जा रहा है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को इस अवैध कारोबार की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने कुचेसर चौपला स्थित एक मकान पर कार्रवाई की। जांच के दौरान वहां क्रीम तैयार करने और उसे आगे खपाने का कथित कारोबार सामने आया।

Source: https://www.indiatv.in/uttar-pradesh/spurious-cream-factory-operating-from-a-house-busted-in-hapur-955-kg-of-adulterated-cream-destroyed-2026-08-25-1239245